हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 3 जून 2026

11 खंड स्तरीय योगासन स्पर्धा में 196 प्रतिभागियों ने दिखाया कौशल



12 सीवरेज निर्माण में घटिया सामग्री पर जताया रोष



## खबर संक्षेप

### कुकर्म व रंगदारी मामले में तीसरा आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** एक युवक का अपहरण कर उसके साथ मारपीट करने, जबरन बयान लिखवाने और कुकर्म जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम देने के मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक और सह-आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अशोक नगर, फतेहाबाद निवासी सागर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।

### नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी, आरोपी दबोचा

**फतेहाबाद।** सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान डांगरा रोड, टोहाना स्थित डीएवी स्कूल के पास रहने वाले आशा राम उर्फ आशु के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी की राशि में से 50 हजार रुपये की नकदी भी बरामद कर ली है।

### पुलिस ने अफीम सहित युवक को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने नोहर रोड ऐलनाबाद क्षेत्र से एक युवक को 103 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम के प्रभारी ने बताया कि सीआईए ऐलनाबाद की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान ऐलनाबाद क्षेत्र मे मौजूद थी। इसी दौरान सामने से एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक घबरा गया और वापस मुडक़र खिसकने का प्रयास करने लगा। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से 103 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान विजय कुमार निवासी वार्ड नंबर 15 ऐलनाबाद के रूप में हुई है।

### सट्टाराशि सहित 2 आरोपी पकड़े

**सिरसा।** पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों से सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाईवाली करने वाले 2 लोगों को काबू कर उनके कब्जे से 2620 रुपए की सट्टा राशि बरामद की है। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि बस स्टैंड पुलिस चौकी की एक पुलिस टीम ने गश्त के दौरान एमसी कॉलोनी सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली की एक युवक सार्वजनिक जगह पर नंबरों पर पैसे लगवाकर सट्टाखाईवाली कर रहा है। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस पार्टी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एमसी कॉलोनी सिरसा क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी पंकज कुमार निवासी एमसी कॉलोनी सिरसा को गिरफ्तार कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से 1350 रुपये की सट्टाराशि, एक पेन व एक डायरी बरामद हुई।

## खेत से हाईवे तक चला पुलिस का ऑपरेशन, 5 तस्कर चढ़े हत्थे

*गुप्त सूचना ने खोली तस्करी की पोल*

*यूपी से हरियाणा तक फैले अफीम रैकेट पर वार*

# नशे के सौदागरों पर बड़ा प्रहार 26 लाख की अफीम जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नशा मुक्त फतेहाबाद अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस को नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है। सीआईए और एंटी नारकोटिक्स सेल की टीमों ने दो अलग-अलग मामलों में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से कुल 5 किलो 497 ग्राम अफीम बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 26 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। पुलिस लाइन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने बताया कि ये दोनों कार्रवाइयां गुप्त सूचनाओं के आधार पर की गई। पहली कार्रवाई सीआईए फतेहाबाद के प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल के नेतृत्व में अमल में लाई गई। टीम को सहायक उपनिरीक्षक रामकुमार के माध्यम से पुख्ता जानकारी मिली थी कि गांव इन्दाछुई निवासी सत्यवान पुत्र सुल्तान सिंह अपने खेत में बने कोठे में रहकर अफीम तस्करी का धंधा करता है। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर दबिश दी और आरोपी सत्यवान को धर दबोचा। तलाशी लेने पर उसके पास से 2 किलो 560 ग्राम अफीम बरामद हुई, जिसकी बाजार में कीमत करीब 12 लाख रुपये आंकी गई है। दूसरी बड़ी कार्रवाई एएनसी फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक साधूराम के नेतृत्व में की गई। सहायक उपनिरीक्षक रामअवतार की टीम को सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश के रास्ते कार से भारी मात्रा में नशा लाया जा रहा है। इस पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नेशनल हाइवे 9 पर गांव धांगड़ के पास हाईवे पुल के नीचे नाकाबंदी की। नाके के दौरान जब कार को रोककर तलाशी ली गई, तो उसमें से 2 किलो 937 ग्राम अफीम बरामद हुई, जिसकी कीमत लगभग 13 लाख रुपये है। कार में सवार चारों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।




**फतेहाबाद।** पकड़े गए नशा तस्करों बारे जानकारी देते एएसपी दिव्यांशी सिंगला।

### नशीले कैप्सूलों व हेरोइन के आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** सीआईए टोहाना पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक युवक को भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले कैप्सूलों व हेरोइन के साथ रंगे हाथों काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गुप्ता कॉलोनी, टोहाना निवासी संजय उर्फ संजू के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से नशीले पदार्थों के साथ-साथ तस्करी में इस्तेमाल की जा रही गाड़ी को भी जब्त कर लिया है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी संजय नई बाईपास रोड स्थित लोहा नहर पुल के पास नशीले पदार्थों की सप्लाई करने के इरादे से खड़ा है।



**सिरसा।** नशीली गोलियों सहित पकड़े गए आरोपी। *फोटो : हरिभूमि*

### सिरसा में नशीली गोलियों का जखीरा बरामद, दो तस्कर काबू

**सिरसा।** पुलिस ने मेडिकल नशे का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले क्षेत्र से कार सवार दो युवकों के कब्जे से नशीली गोलियों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से करीब एक लाख गोलियां व कैप्सूल बरामद किए गए हैं, जिनकी बाजारी कीमत 20 लाख रुपये आकी गई है। एसपी दीपक सहारण ने मंगलवार को बताया कि पुलिस एवं औषधि नियंत्रण विभाग की संयुक्त टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सिरसा शहर क्षेत्र से कार सवार दो युवकों गोगी व अजय को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान कार से प्रतिबंधित करीब एक लाख गोलियां व कैप्सूल बरामद हुए, जिनका दुरुपयोग युवा वर्ग द्वारा नशे के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। पकड़ी गई गोलियों को औषधि नियंत्रण विभाग के हवाले कर दिया गया है।

*जांच में दोषी, डीसी के आदेश भी जारी....*

# फिर भी 16 माह से कार्रवाई क्यों अटकी

- गांव फिरोजाबाद के श्मशान घाट में 7 हरे वृक्ष उखाड़ने का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रानियां

जांच में ठेकेदार जिम्मेदार पाया गया। उपायुक्त ने एफआईआर दर्ज करने के आदेश भी जारी कर दिए। सरकारी फाइलों में जांच रिपोर्ट मौजूद है, जिम्मेदारी तय हो चुकी है और कार्रवाई के निर्देश भी दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद 16 महीने बाद तक न एफआईआर दर्ज हुई और न ही किसी जिम्मेदार व्यक्ति पर कार्रवाई हुई। गांव फिरोजाबाद के श्मशान घाट में सात हरे वृक्ष उखाड़े जाने का मामला अब प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। अक्टूबर 2024 में ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त को शिकायत देकर आरोप लगाया था कि श्मशान घाट की चारदीवारी निर्माण के दौरान जेसीबी मशीन से सात हरे-भरे वृक्ष जड़ से उखाड़ दिए गए। शिकायत पर तत्कालीन जिला उपायुक्त ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को जांच के आदेश दिए। 5 नवंबर 2024 को हुई जांच में अधिकारियों, कर्मचारियों, सरपंच, ग्राम सचिव और ठेकेदार सहित संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किए गए। जांच के बाद खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने 19 नवंबर 2024 को अपनी रिपोर्ट जिला उपायुक्त को भेजते हुए स्पष्ट लिखा कि सात वृक्ष ठेकेदार की लापरवाही के कारण उखड़े हैं। रिपोर्ट जिला मुख्यालय पहुंचने के बाद भी मामला आगे नहीं बढ़ा। जांच पूरी होने के लगभग दो माह बाद 28 जनवरी 2025 को जिला उपायुक्त ने संबंधित ठेकेदार के खिलाफ रानियां थाना में एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश जारी किए। आदेश में यह भी माना गया कि ग्राम पंचायत की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। हाल ही में ग्राम पंचायत ने दोबारा मामला उठाया। इस संबंध में थाना प्रभारी गुरनमिंदर सिंह मान ने बताया कि ग्राम सचिव की ओर से शिकायत आज ही प्राप्त हुई है। शिकायत को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जा रहा है तथा उनके मार्गदर्शन के अनुसार आगामी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सवालों में फाइल

तरुण क्लब के अध्यक्ष डॉ. तरसेम सिंह सैनी ने कहा कि एक ओर सरकार बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर हरे वृक्ष उखाड़े जाने के मामलों में कार्रवाई का अभाव गंभीर चिंता का विषय है। अरिहंत फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेश जैन ने कहा कि यदि सार्वजनिक स्थानों पर खड़े हरे वृक्षों को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ समयबद्ध कार्रवाई नहीं होगी तो इससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति गलत संदेश जाएगा। पुलिस का कहना है कि शिकायत अब प्राप्त हुई है और उच्च अधिकारियों के निर्देश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। लेकिन इसके बावजूद सबसे बड़ा प्रश्न वही है जो पिछले 16 महीनों से अनुत्तरित है-जब जिम्मेदारी तय हो चुकी थी और एफआईआर दर्ज करने के आदेश भी जारी हो चुके थे, तो फिर कार्रवाई आखिर रुकी कहां रही?

## नौकरी बहाली की मांग को लेकर धरना

- रोजी-रोटी पर संकट न्याय की लगाई गुहार
- मांगें पूरी न करने पर भूख हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

एमएम कॉलेज से निलम्बित किए गए कर्मचारियों ने न्याय की मांग को लेकर आज कॉलेज के बाहर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। एमएम कॉलेज में सुपरवाईजर रहे विनोद कुमार के नेतृत्व में माली रवि कुमार व संदीप, सेवादार संतोष व भीम, चौकीदार राजेश, सफाई कर्मचारी भूप सिंह, क्लर्क कविता ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी सालों से एमएम कॉलेज में कार्यरत थे। चतुर्थ श्रेणी की नौकरी से ही वह अपने घर का पालन पोषण कर रहे थे, लेकिन मैनेजमेंट ने उन्हें गैर कानूनी ढंग से नौकरी से निष्कासित कर दिया। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष सभी कर्मचारियों ने एकमत होकर मुख्यमंत्री से मानदेय बढ़ाने के लिए गुहार लगाई थी। इसी बात क्षुब्ध होकर मैनेजमैंट के पदाधिकारियों ने चतुर्थ श्रेणी के वरिष्ठ कर्मचारियों को निकालकर कनिष्ठ कर्मचारियों को रख लिया है, जोकि अन्यायपूर्ण हैं। नौकरी चले जाने से अब उनके परिवार को रोजी रोटी के लिए भटकना पड़ेगा। सभी कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उन्हें वापिस नौकरी पर नहीं रखा गया तो वह भूख हड़ताल करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

## बुलेट के 26 मॉडिफाइड साइलेंसरों पर चला बुलडोजर

- तेज आवाज से बुजुर्गों, मरीजों और विद्यार्थियों को हो रही थी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले में ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए फतेहाबाद ट्रैफिक पुलिस ने एक बड़ा अभियान चलाया है। इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए 26 बुलेट मोटरसाइकिलों से अवैध और मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किए। बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इन सभी जब्त साइलेंसरों को बुलडोजर से कुचलकर नष्ट कर दिया, ताकि इनका दोबारा इस्तेमाल न किया जा सके। ट्रैफिक प्रभारी उप निरीक्षक जयसिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के बाद उन्होंने बताया कि बुलेट के मॉडिफाइड साइलेंसरों से निकलने वाली तेज और पटाखा जैसी आवाजें आम जनता के लिए सिरदर्द बन चुकी थीं। जय सिंह ने बताया कि इस तेज आवाज से सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों, मरीजों और पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को उठानी पड़ रही थी। इसके अलावा, अचानक होने वाले इन धमाकों से सडक़ पर चल रहे अन्य वाहन चालकों का ध्यान भटक जाता है, जिससे गंभीर सड़क हादसों की आशंका हमेशा बनी रहती है।



**फतेहाबाद।** मॉडिफाइड साइलेंसरों पर चलता बुलडोजर।

## पेयजल संकट : बिजली कटते ही सूख रहे नल

- बिजली और पानी विभाग में तालमेल की कमी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर के जगजीवनपुरा और योग नगर क्षेत्र में इन दिनों पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड पार्षद मोहन लाल नारंग ने आरोप लगाया है कि बिजली निगम और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बीच समन्वय की कमी के कारण जलापूर्ति व्यवस्था बार-बार बाधित हो रही है, जिसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। पार्षद का कहना है कि जगजीवनपुरा में सुबह के समय जलापूर्ति निर्धारित है, लेकिन इसी दौरान क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद हो जाती है। बिजली न होने के कारण जलघर और मोटरें सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पातीं, जिससे लोगों के घरों तक पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच पाता। इससे सुबह के समय घरेलू कार्यों के लिए पानी की किल्लत पैदा हो जाती है। पार्षद मोहन लाल नारंग ने कहा कि स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब जगजीवनपुरा में बिजली आपूर्ति बहाल होती है और उसी समय योग नगर क्षेत्र की बिजली काट दी जाती है। योग नगर में स्थित वाटर बूस्टिंग स्टेशन बिजली पर निर्भर है और बिजली कटते ही वहां से होने वाली जलापूर्ति ठप हो जाती है। परिणामस्वरूप दोनों क्षेत्रों के लोग अलग-अलग समय पर पानी की समस्या से जूझने को मजबूर हैं। पार्षद ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में पानी की आवश्यकता बढ़ जाती है। ऐसे समय में जलापूर्ति में रुकावट लोगों की परेशानी को और बढ़ा रही है। कई परिवारों को पानी संग्रहित करने या वैकल्पिक व्यवस्थाओं का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि बिजली कटौती और जलापूर्ति के समय को लेकर दोनों विभागों के बीच बेहतर तालमेल हो तो इस समस्या का आसानी से समाधान किया जा सकता है।

### प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप की मांग



मोहन लाल नारंग ने बिजली निगम और जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जनहित में तत्काल समन्वय स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दोनों विभागों को आपसी संवाद के माध्यम से ऐसा शेड्यूल तैयार करना चाहिए, जिससे जलापूर्ति के समय बिजली उपलब्ध रहे और लोगों को निर्बाध पेयजल मिल सके। पार्षद ने प्रशासन से भी मामले में हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए कहा कि शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो गर्मी के मौसम में लोगों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि संबंधित विभाग जनता की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द आवश्यक कदम उठाएंगे।

*कई दिनों से नहीं पहुंचा पानी, वार्ड-5 के लोगों ने उठाई आवाज*

## पेयजल संकट को लेकर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालांवाली

भीषण गर्मी में शहरवासियों को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल संकट से निपटने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर में कुछ एरिया में एक दिन छोड़ कर पेयजल की सप्लाई की जा रही है ताकि पेयजल सप्लाई का बेलेंस बना रहे। परंतु इसके बावजूद शहर के कई क्षेत्र ऐसे है जहां प्रयाप्त मात्रा में पेयजल की सप्लाई नहीं पहुंच रही। जिसको लेकर कालांवाली के दादू रोड पर वार्ड पांच की गली मनोज कुल्चे वाली के लोगों ने कुछ दिनों से पेयजल सप्लाई नहीं आने को लेकर रोष जताते हुए उक्त गली में पेयजल की सप्लाई सुचारू करने की मांग की है। गली निवासी आशु मेहता ने कहा कि गर्मी के मौसम में हर बार पानी की सप्लाई को लेकर परेशानी का सामना करना पडता है, उनकी गली में हर समय पेयजल की समस्यया बनी रहती है।

### रोजमर्रा के काम प्रभावित

विभाग के कर्मचारियों को बार बार कहने के बाद भी गली में पानी की सप्लाई सही नहीं आती है। जिस कारण गलीवासियों को परेशानी का सामना करना पडता है। उन्होंने कहा कि पानी की सप्लाई का कोई समय भी निश्चित नहीं होने के कारण महिलाओं को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड रहा है। रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहें है यही नहीं महिलाओं को कपडे धोने सहित अन्य काम के लिए अपने सगे संबधियों के पास दूसरे मौहल्लों में जाना पड रहा है। महिलाओं ने कहा कि पानी की सप्लाई को सुचारू बनाने के लिए विभाग के कर्मचारियों को कई बार कह चुकी है परंतु आज तक सप्लाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। इस सबंध में विभाग के जेई नरेंद्र भांभू ने कहा कि दो दिन बिजली की सप्लाई बाधित होने के कारण कुछ एरिया में पानी की सप्लाई कम हुई थी। नहरबंदी के कारण पानी की समस्या पेश आ रही है। एक- दो दिन में सप्लाई में सुधार हो जाएगा।

## नागरिक अस्पताल को मिली एम्बुलेंस




**सिरसा।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा नागरिक अस्पताल में मरीजों की सहायता एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक नई एम्बुलेंस उपलब्ध करवाई गई है। यह एम्बुलेंस भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ द्वारा जिला रेडक्रॉस सोसायटी सिरसा को प्रदान की गई है। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी ने बताया कि प्राप्त नई एम्बुलेंस को सिविल सर्जन कार्यालय के माध्यम से नागरिक अस्पताल सिरसा को सौंप दिया गया है। इस एम्बुलेंस के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने में सहायता मिलेगी। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने और बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने में भी यह वाहन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी सदैव मानव सेवा के कार्यों में अग्रणी रही है और भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर सामान्य अस्पताल के पीएमओ डॉ. पवन, फ्लीट मैनेजर चेतन ग्रेवाल, रेडक्रॉस सोसायटी के उप अधीक्षक पवन राणा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

**अभियान** 1 जुलाई 2026 को आधार मानकर नए वोटर जोड़े जाएंगे, फर्जी और दोहरे नाम हटेंगे

# 15 जून से घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ, वोटर लिस्ट को किया जाएगा अप-टू-डेट, एक बूथ पर 1200 से ज्यादा नहीं होंगे मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले में मतदाता सूचियों को पूरी तरह शुद्ध, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के लिए 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन' यानि एसआईआर अभियान शुरू किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. विवेक भारती ने साफ किया कि नागरिक किसी भी तरह की अफवाह या भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें। यह पूरी प्रक्रिया सिर्फ इसलिए चलाई जा रही है ताकि कोई भी पात्र मतदाता वोट डालने से वंचित न रहे और चुनाव व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि जिला स्तर पर यह विशेष अभियान 5 जून से शुरू होने जा रहा है। इसके तहत वोटर लिस्ट का बारीकी से वेरिफिकेशन किया जाएगा। इस पूरे अभियान के लिए 1 जुलाई, 2026 को क्वालीफाइंग डेट माना गया है। यानी इस तारीख तक 18 साल पूरे करने वाले युवा अपना वोट बनवा सकेंगे।




**फतेहाबाद।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीसी।

### नहीं होगी परेशानी

घर-घर सर्वे के दौरान ही पोलिंग बूथों के रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। डॉ. भारती का कहना है कि जिन बूथों पर 1,200 से अधिक मतदाता हैं, वहां मतदाताओं की सुविधा के लिए बूथों के पुनर्गठन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा ताकि वोटिंग के दिन लोगों को परेशानी न हो।

### ये होंगे महत्वपूर्ण बदलाव

डीसी ने कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र के लिए वोटर लिस्ट का त्रुटिहीन होना बेहद जरूरी है। इस विशेष अभियान के दौरान ये होंगे कार्य-

- ⏭ दुनिया छोड़ चुके मतदाताओं के नाम लिस्ट से हटाए जाएंगे।
- ⏭ दोहरी प्रविष्टियों एक ही व्यक्ति का दो जगह नाम को खत्म किया जाएगा।
- ⏭ दूसरी जगह शिफ्ट हो चुके वोटरों के रिकॉर्ड की जांच होगी।
- ⏭ नए और योग्य युवाओं के नाम वोटर लिस्ट में जोड़े जाएंगे।

| तारीख | क्या होगा कार्य |
| --- | --- |
| 5 से 10 जून | बूथ लेवल अधिकारियों को ट्रेनिंग और जरूरी सामग्री दी जाएगी। |
| 15 जून से 14 जुलाई | बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का वेरिफिकेशन करेंगे और डेटा जुटाएंगे। |
| 21 जुलाई | वेरिफिकेशन के बाद तैयार की गई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट का प्रकाशन होगा। |
| 21 जुलाई से 20 अगस्त | लिस्ट पर दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी, ताकि कमियों को सुधारा जा सके। |



# कॉकटेल-2 का ट्रेलर रिलीज कृति-रश्मिका के बीच फंसे शाहिद

**मुंबई।** शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की मच अवेटेड रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'कॉकटेल 2' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया। 3 मिनट 1 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की कार ट्रिप से होती है। शुरुआत में शाहिद कहते हैं, 'जब भी कोई रिश्ता नया होता है, तो वह रोमांचक होता है, क्योंकि वह नया होता है। नए दोस्त मज़ेदार होते हैं क्योंकि उनकी कहानियां हमें दिलचस्प लगती हैं। पुराने दोस्तों से वही पुरानी कहानियां सुनते-सुनते हम थक जाते हैं। लेकिन, प्यार उस फटी हुई टी-शर्ट की तरह है जिसमें हमें दो रातों तक चैन की नींद आती है।

लाइफ Style



# तृप्ति
## कॉन्फिडेंस ही बन जाता है आपका दुश्मन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एनिमल में रणबीर कपूर के साथ तृप्ति डिमरी की जोड़ी लोगों को खूब पसंद आई थी, लेकिन यह भी आरोप लगे कि तृप्ति उस फिल्म की सक्सेस के बाद काफी बदल गईं। तृप्ति डिमरी ने कहा कि प्रोफेशनल लाइफ में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं और ऐसे लोगों का साथ होना जरूरी है जो आपकी गलतियां बता सकें और सही रास्ता दिखा सकें।


एनिमल फेम एक्ट्रेस ने कहा कि अपनी बुराई सुनना आसान नहीं होता है। हालांकि यही वह चीज है जो आगे बढ़ने में आपकी मदद करती है। जब उनका परिवार और दोस्त उन्हें बताते हैं कि वह कहां गलती कर रही हैं, तो वह रुककर उनकी प्रतिक्रियाओं पर चिंतन करती हैं। तृप्ति ने माना कि कभी-कभी आपका कॉन्फिडेंस ही आपका सबसे बड़ा दुश्मन बन जाता है। साल 2023 में आई रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तृप्ति डिमरी ने अहम किरदार निभाया था। तृप्ति यूं तो उससे पहले बुलबुल, लैला मजनू और पोस्टर बॉयज जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी थीं, लेकिन इस फिल्म ने उन्हें वो पहचान दिलाई, जिसकी उन्हें इंडस्ट्री में चमकने के लिए जरूरत थी। तृप्ति के कॅरियर का ग्राफ रॉकेट की रफ्तार से ऊपर गया और उन्हें धड़क-2, भूल भुलैया-3 और स्पिरिट जैसी बड़ी फिल्मों में फीमेल लीड रोल मिलने लगे, लेकिन साथ ही साथ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि एनिमल के बाद तृप्ति काफी बदल गई हैं। एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुद इस सवाल का जवाब दिया।

## हॉलीवुड मसाला



# भारत में ताबड़तोड़ कर रही कमाई

**नई दिल्ली।** करी बार्कर की फिल्म 'ऑब्सेशन' भारत में बीते शुक्रवार को रिलीज हुई। महज चार दिनों में ही इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर ली है। आने वाले दिनों में फिल्म को वर्ड ऑफ माउथ पब्लिसिटी का फायदा मिल सकता है। हॉलीवुड की हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' भारतीय दर्शको को भी खूब पसंद आ रही है। कम बजट की यह फिल्म दर्शकों को डराने में अब तक कामयाब रही है। फिल्म ऑब्सेशन को दुनियाभर में काफी पसंद किया जा रहा है। शुक्रवार को फिल्म को मिली धीमी शुरुआत के बाद इसने वीकेंड पर अपनी रफ्तार पकड़ी।



# सुरक्षा कारणों से रद्द हुआ कान्ये और ट्रैविस का शो

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट और ट्रैविस स्कॉट का एक कॉन्सर्ट इटली में होना था, जो कि अब रद्द कर दिया गया है। इस बात से रैपर के फैंस बेहद निराश हैं। यह फैसला किन्हीं सुरक्षा कारणों से लिया गया है। यह कॉन्सर्ट जुलाई में इटली के उत्तरी शहर रेजियो एमिलिया के आईसीएफ एरिना में होने वाले था। ट्रैविस स्कॉट का शो 17 जुलाई को और कान्ये वेस्ट का शो 18 जुलाई को होना था। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट को सुरक्षा व्यवस्था की चिंताओं के कारण रद्द किया गया है, न कि उन पर किसी प्रतिबंध की वजह से। स्थानीय अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से इन्हें रद्द करने का आदेश दिया। दरअसल, कान्ये वेस्ट द्वारा अप्रैल में की गई यहूदी-विरोधी टिप्पणियों का कड़ा विरोध हो रहा था। शहर के यहूदी समुदाय, फासीवाद-विरोधी समूहों, ट्रेड यूनियनों और नेताओं ने इस कॉन्सर्ट को रोकने की मांग की थी।



# अल्फा की रिलीज डेट बदली...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। आलिया अल्फा और लव एंड वॉर में नजर आएंगी। अल्फा की रिलीज से पहले निर्माताओं ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। आलिया भट्ट और शार्वरी वाघ की मुख्य भूमिका वाली एक्शन फिल्म अल्फा अब अपने तय समय से एक हफ्ता पहले यानी 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 10 जुलाई को आने वाली थी। फैंस आलिया को एक्शन अवतार में देखने के लिए बेताब हैं। इस फिल्म से पहले आलिया ने फिल्म जिगरा में एक्शन किया था। फिल्म धमाल 4 की रिलीज डेट 17 जुलाई तय होने के बाद, अल्फा के निर्माता आदित्य चोपड़ा ने यह फैसला लिया है। 3 जुलाई के आसपास कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है।



# अनिल ने पत्नी संग यूरोप में मनाईं छुट्टियां

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर हाल ही में अपनी पत्नी सुनीता कपूर के साथ यूरोप की यात्रा पर गए थे। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इस जादुई वेकेशन की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अनिल ने इस जगह को मैजिकल बताया है। 69 साल के अनिल ने इंस्टाग्राम पर आज मोंटेनेग्रो देश की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। उन्होंने इस जगह को बहुत ही जादुई और खूबसूरत बताया। तस्वीरों में अनिल काले रंग के कपड़ों और स्टाइलिश चश्मे में बेहद हैंडसम दिख रहे हैं। अनिल की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा कि यह उनकी भी पसंदीदा जगह है। इसके साथ ही शिल्पा ने लिखा कि अनिल बहुत शानदार लग रहे हैं। शिल्पा के अलावा अनिल के कई फैंस ने इस पोस्ट पर लाल दिल वाला और फायर इमोजी बनाया है।

## टीवी मसाला



# 'तारक मेहता' में जमील जमाली की एंट्री से भागने लगे लोग...

**नई दिल्ली।** 'धुरंधर' और जमील जमाली की लोकप्रियता अब गोकुलधाम सोसाइटी तक पहुंच गई है। शो में एक मजेदार मोड़ आएगा जब लोग यह देखकर हैरान रह जाएंगे कि जमील जमाली बिल्कुल तारक मेहता के बॉस बाबूलाल जैसे दिखते हैं। यह अजीब समानता भ्रम पैदा कर रही है और कई मजेदार पलों को जन्म देती है। इससे पहले कि कोई सच और झूठ में फर्क कर पाए, अफवाहें फैलने लगती हैं, तरह-तरह के कयास लगने लगते हैं और बेचारे बाबूलाल खुद को एक ऐसे तूफान में पाते हैं जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। ये किरदार राकेश बेदी निभा रहे हैं और जो 2020 से तारक के बॉस बने हुए हैं। एक मामूली भ्रम से शुरू हुई बात जल्दी ही एक बड़े तमाशे में बदल जाती है। जैसे-जैसे हर कोई स्थिति को समझने की कोशिश करता है, भ्रम और बढ़ता जाता है। बाबूलाल इस स्थिति में फंस जाते हैं और एक के बाद एक समस्याओं का सामना करते हैं। हालांकि, तारक अपने बॉस को अकेला नहीं छोड़ते और मुश्किल को संभालने की पूरी कोशिश करते हैं। वह स्थिति को पूरी तरह से हाथ से निकलने से पहले हर संभव प्रयास करते हैं। 'धुरंधर' के क्रेज के चलते बाबूलाल को जमील जमाली समझ लिया जाता है। लोग टीवी के किरदार को असली इंसान समझ बैठते हैं। एक छोटी सी गलतफहमी से और भी उलझनें पैदा हो जाती हैं। इससे हंसी-मजाक और मनोरंजन का माहौल बनता है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर यही कमाल कर रहा है। यह फेमस सिटकॉम रोजमर्रा की साधारण घटनाओं को एक मजेदार और मनोरंजक कहानी में बदल देता है।

## प्रोड्यूसर पर लगाए थे यौन शोषण के झूठे आरोप

**नई दिल्ली।** टीवी का मशहूर सीरियल 'भाभी जी घर पर हैं' आपने कभी ना कभी तो जरूर देखा होगा। टीवी के इस शो को लोगों ने खूब पसंद किया।



कुछ साल पहले इस शो से जुड़ा एक बड़ा विवाद भी सामने आया था। जिसमें इस शो की लीड एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने शो के प्रोड्यूसर पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में शिल्पा ने बताया कि शो छोड़ने के दौरान उन्होंने प्रोड्यूसर पर भी सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाया था वह बिल्कुल झूठ था। इसके अलावा शिल्पा ने इंटरव्यू के दौरान और भी कई बातें बताईं। भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में शिल्पा ने लीगल लड़ाई और अपने इमोशनल ब्रेकडाउन पर खुलकर बातचीत की। बातचीत के दौरान शिल्पा ने बताया कि उनके सामने एक समय आया जब उन्हें यह महसूस होने लगा था कि वह काफी बुरी तरह से फंस चुकी हैं और उनके पास लड़ाई लड़ने का कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है।

# कपूर परिवार के नाम हैं ये 7 दिलचस्प रिकॉर्ड

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के 'कपूर खानदान' को इंडस्ट्री की 'फर्स्ट फैमिली' भी कहा जाता है। पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर कपूर तक इस परिवार का फिल्ममेकिंग और एक्टिंग से बहुत पुराना नाता रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वो कौन से 7 रिकॉर्ड हैं जो इस परिवार के नाम पर दर्ज हैं?*

***ऑनस्क्रीन जा चुका सबसे बड़ा परिवार :*** *साल 1999 तक ही इस एक परिवार के 24 से अधिक सदस्य फिल्मों में बतौर एक्टर, डायरेक्टर या प्रोड्यूसर काम कर चुके थे। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इस परिवार के नाम फिल्म इंडस्ट्री में सबसे बड़े ऑन-स्क्रीन परिवार होने का नाम दर्ज है।*

***सिनेमा में 5 पीढ़ियों का सफर :*** *भारतीय सिनेमा जगत के इतिहास में कपूर परिवार इकलौता ऐसा परिवार है जिसकी 5 पीढ़ियां लगातार फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय रही हैं। शुरुआत दीवान बशेश्वरनाथ कपूर (पृथ्वीराज कपूर के पिता) से हुई थी और अब रणबीर कपूर व राहा कपूर तक पहुंच चुकी है।*

***एक ही फिल्म में 3 पीढ़ियां :*** *साल 1971 में आई फिल्म 'कल आज और कल' में एक अनोखा रिकॉर्ड बना। इस फिल्म में कपूर परिवार की तीन पीढ़ियां एक साथ नजर आई थीं। इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर (दादा), राज कपूर (पिता), और रणधीर कपूर (बेटे) एक साथ नजर आए थे।*



***सबसे यंग डायरेक्टर का रिकॉर्ड :*** *शोमैन राज कपूर ने महज 24 साल की उम्र में फिल्म 'आग' (1948) का निर्देशन किया था। यह अपने आप में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड था। उस दौर में सबसे कम उम्र के फिल्म निर्देशक बनने का रिकॉर्ड राज कपूर ने अपने नाम किया।*

***सुपरस्टार बनीं पहली सगी बहनें :*** *कपूर खानदान की बेटियों ने भी फिल्म इंडस्ट्री में कम नाम नहीं कमाया। करिश्मा कपूर और करीना कपूर भारतीय सिनेमा के इतिहास की पहली ऐसी सगी बहनें बनीं, जिन्होंने पुरानी रिवायतों को तोड़ा और इंडस्ट्री पर राज किया। नंबर वन एक्ट्रेस बनीं।*

***एक परिवार में 3 दादा साहेब फाल्के पुरस्कार:*** *सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' को एक ही परिवार में 3 बार जीतने का रिकॉर्ड भी कपूर खानदान के नाम है। यह सम्मान पृथ्वीराज कपूर, राज कपूर और शशि कपूर को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिया गया।*

## शम्मी कपूर के नाम पर ऐसा भी एक रिकॉर्ड

शम्मी कपूर के नाम पर सिनेमा से अलग एक अनोखा रिकॉर्ड है। उन्होंने 1990 के दशक में 'इंटरनेट यूजर्स क्लब ऑफ इंडिया' की स्थापना की थी। वह भारत के पहले कुछ लोगों में से थे जिनके पास अपना पर्सनल कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्शन था।

# आदर्श ने हॉलीवुड सीरीज एलियन- अर्थ 2 को लेकर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** अभिनेता आदर्श गौरव ने रिडले स्कॉट की फिल्म 'एलियन अर्थ' में स्लाइटली के किरदार के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। अब अभिनेता इस साइंस फिक्शन शो के आगामी दूसरे सीजन में भी वही भूमिका निभाएंगे और जल्द ही शूटिंग के लिए रवाना होने वाले हैं। दूसरे सीजन में पीटर डिंकलेज के शामिल होने से इसको लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है। आदर्श ने एमी पुरस्कार विजेता इस अभिनेता की जमकर तारीफ की है। नोआ हॉली द्वारा निर्मित और दिग्गज फिल्म निर्माता रिडले स्कॉट द्वारा कार्यकारी निर्मित 'एलियनः अर्थ' स्कॉट की प्रतिष्ठित एलियन फिल्मों का स्पिन-ऑफ है।



पहले सीजन में आदर्श ने स्लाइटली उर्फ आरुष की भूमिका निभाई, जो मनुष्य और मशीन का एक हाइब्रिड है। आदर्श गौरव ने कहा कि 'एलियनः अर्थ' के सीजन 2 में वापसी करना बेहद खास लगता है। स्लाइटली एक ऐसा किरदार है जो शूटिंग खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक मेरे मन में बसा रहा, क्योंकि उसकी इमोशनली जटिलता और ट्विस्ट ने मुझे दीवाना बना दिया। नोआ हॉली और रिडले स्कॉट द्वारा निर्मित दुनिया में उसे और गहराई से जानने का अवसर मिलना एक अभिनेता के रूप में रोमांचक और बेहद संतोषजनक है। एलियनः अर्थ में सिडनी चैंडलर, एलेक्स लॉथर, एस्सी डेविस, सैमुअल ब्लेंकिन और बाबौ सीसे मुख्य भूमिका में हैं, जबकि टिमोथी ओलिवेंट एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आते हैं। सीजन 2 में गेम ऑफ थ्रोन्स के मशहूर अभिनेता पीटर डिंकलेज की एंट्री होती है, जिससे एलियन यूनिवर्स का विस्तार होता है। आदर्श ने आगे कहा कि इस अनुभव को वास्तव में उल्लेखनीय बनाने वाली बात यह है कि मुझे एक टेलेंटेड एक्टर्स के साथ इस लोकप्रिय यूनिवर्स का हिस्सा बनने का मौका मिला। पीटर डिंकलेज, टिमोथी ओलिवेंट और पूरी टीम जैसे कलाकारों के साथ काम करना आपको हर दिन क्रिएटिव रूप से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

## अपने नाम किए तीन पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान भी मिला

# न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में मणिपुरी फिल्म बूंग की धूम

### फिल्म को कौन से अवॉर्ड मिले?

फेस्टिवल में बूंग ने तीन पुरस्कार अपने नाम किए। पहला सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फिल्म का पुरस्कार। दूसरा लक्ष्मीप्रिया देवी को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार और तीसरा गुगुन किपगेन को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार पुरस्कार दिया गया। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल 28 से 31 मई तक चला, जिसमें 15 भाषाओं की अलग-अलग तरह की फिल्में दिखाई गईं।

### क्या है बूंगकी कहानी?

बूंग की कहानी बहुत प्यारी और दिल को छू लेने वाली है। यह फिल्म मणिपुर की घाटी में रहने वाले बच्चे बूंग (गुगुन किपगेन) पर आधारित है। बूंग वर्षों से अकेली रह रही अपनी मां को खुश करने के लिए खास तोहफा देने की योजना बनाता है। वह, तोहफा है अपने पिता को वापस लाना। वह पिता की तलाश में निकल जाता है। इस सफर में उसका दोस्त साथ देता है। मां की खुशियों के लिए पिता को खोजने निकले बूंग की यह कहानी बेहद मार्मिक है। बूंग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

*लॉस एंजिल्स। मणिपुरी फिल्म बूंग ने पहले बाफ्टा अवॉर्ड में अपना जलवा दिखाया था। अब इस फिल्म ने न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म बूंग ने इतिहास रच दिया है। रविवार को खत्म हुए इस महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। फिल्म के मुख्य कलाकार को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान मिला है। महोत्सव में दस अलग-अलग कैटेगरी में भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकारों और फिल्मों को सम्मानित किया गया।*



***फिल्म में नजर आए ये कलाकार :*** फिल्म बूंग में गुगुन किपगेन के अलावा बाला हिजाम, नेमेतिया नगांगबाम, जेनी खुरई, हामोम सदानंद,एंगम सनामतम, विक्रम कोचर, थौदम ब्रजबिधु और मोधुबाला थौदम जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई दिए। फिल्म के बाल कलाकारों का अभिनय बहुत ही सहज है। कई सीन्स दर्शकों को भावुक कर जाते हैं, आंखों को नम कर देते हैं।

### फरहान ने प्रोड्यूस की है बूंग

इस फिल्म को निर्माता-निर्देशक और एक्टर फरहान अख्तर ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर साल 2024 के टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। वहां इसे दर्शकों से स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। भारतीय सिनेमाघरों में यह फिल्म सितंबर 2025 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मीप्रिया देवी ने किया है।

### बाफ्टा में मिला था अवॉर्ड

इससे पहले मणिपुरी फिल्म 'बूंग' ने बाफ्टा अवॉड्र्स 2026 में भी जलवा दिखाया था। वहां फिल्म ने बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली कैटेगरी में पुरस्कार जीता था। 'बूंग' बाफ्टा में नामांकित होने वाली अकेली भारतीय फिल्म थी। इसने जूटोपिया 2, लिलो एंड स्टिच और आर्को जैसी बड़ी-बड़ी अंतरराष्ट्रीय फिल्मों को हराकर यह अवॉर्ड जीता। इससे पहले फिल्म का पहला प्रीमियर 2024 में टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। बाद में इसे वारसॉ, एमएएमआई मुंबई, आईएउएफआई और मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल जैसे कई बड़े फेस्टिवल में दिखाया गया।

## 9 जून को होगी जिला स्तरीय प्रतियोगिता

# खंड स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में 196 प्रतिभागियों ने दिखाया कौशल




फतेहाबाद। शिविर में योगाभ्यास करती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग, खेल विभाग, शिक्षा विभाग तथा हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खंड स्तरीय योगासन प्रतियोगिताएं जिला के सभी ब्लॉकों में आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में जिलेभर से कुल 196 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने योग कौशल का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा के कुशल निर्देशन में आयोजित की गई। योग कोऑर्डिनेटर डॉ. भारती तथा योग विशेषज्ञा अंबिका पांटा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में प्रतियोगिताओं का सफल संचालन किया गया। डॉ. प्रवीण शर्मा ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का सशक्त माध्यम है। योगासन प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं और विद्यार्थियों में योग के प्रति रुचि बढ़ाने तथा उन्हें नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग एवं खेल विभाग के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन संभव हो पाया है। ब्लॉक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। योग कोऑर्डिनेटर डॉ. भारती ने बताया कि चयनित विजेता प्रतिभागी अब 9 जून को प्रातः 9 बजे भोडिया खेड़ा स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने जिला के युवाओं, विद्यार्थियों एवं आमजन से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों में बढ़-चढक़र भाग लेने तथा योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

### फतेहाबाद के ग्रीन पार्क में 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर शुरू

**फतेहाबाद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में ग्रीन पार्क वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में एक विशेष पहल की गई है। सोसाइटी द्वारा ग्रीन पार्क कॉलोनी स्थित श्री श्याम पार्क में आगामी 21 जून तक चलने वाले 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शानदार आगाज किया गया। इस योग प्रशिक्षण शिविर के सत्र की अध्यक्षता समाजसेवी अनिल चौधरी ने की। शिविर की शुरुआत में बड़ी संख्या में कॉलोनी और आसपास के क्षेत्र से पहुंचे साधकों ने हिस्सा लिया, जिनमें महिलाओं, पुरुषों के साथ-साथ बच्चों का उत्साह भी देखते ही बनता था। सभी साधकों ने पार्क के खुले और शांत वातावरण में प्राणायाम और विभिन्न योग क्रियाओं का सामूहिक अभ्यास किया। शिविर में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में पहुंचे योगाचार्य आशीष बंसल और योग शिक्षिका मंजू चोपड़ा के मार्गदर्शन में साधकों को योग की विभिन्न बारीकियों से अवगत कराया गया। इस दौरान योगाचार्य आशीष बंसल ने योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने साधकों को प्रेरित करते हुए कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का साधन नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक कला है। नियमित योग करने से बड़े से बड़े रोगों को दूर भगाया जा सकता है। हमें योग को केवल 21 जून यानी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक ही सीमित नहीं रखना है, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना होगा। सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बताया कि 1 जून से शुरू हुआ यह शिविर 21 जून तक लगातार निशुल्क जारी रहेगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को निरोगी काया प्रदान करना और मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाना है।

# नन्हे बच्चों ने अपने पैसों से लगाई छबील, मानवता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया


रतिया। मीठे पानी की छ

भीषण गर्मी के दौर में जहां लोग तेज धूप से बचने के उपाय खोज रहे हैं, वहीं हैप्पी मॉडल स्कूल के पास टिब्बा कॉलोनी के बच्चों ने अपने निजी खर्च से शरबत सेवा लगाकर मानवता और सेवा भाव का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस सेवा कार्य में भाविन बाघला, तेजस तनेजा, दविक बाघला एवं शिवांश नागपाल ने राहगीरों, मजदूरों और स्थानीय लोगों को ठंडा शरबत वितरित कर गर्मी से राहत पहुंचाई। बच्चों द्वारा अपने जेब खर्च से की गई इस पहल की क्षेत्रवासियों ने जमकर सराहना की। युवा भाविन ने बताया कि उनका उद्देश्य गर्मी में लोगों की प्यास बुझाकर समाज सेवा का संदेश देना है।यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार जरूरतमंदों की मदद करे तो समाज में प्रेम, सहयोग और भाईचारे की भावना और मजबूत होगी।

### बच्चों के लिए समर कैंप की शुरुआत

**रतिया।** गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को नैतिक शिक्षा एवं मातृ भाषा पंजाबी से जोडऩे के लिए सिख मिशन हरियाणा कुरूक्षेत्र एवं गुरूद्वारा विश्वकर्मा साहिब प्रबंधक कमेटी के सदस्य सहयोग से समर कैंप की शुरुआत की गई जो कि 10 जून तक चलेगा।

इस कैंप में प्रचारक एवं अध्यापकों द्वारा सेवाओं दी जा रही है। समाजिक कार्यकर्ता हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि हर वर्ष गर्मी की छुट्टियों में बच्चों सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए समर कैंप का आयोजन किया जाता है। इस कैंप में बच्चों को मातृभाषा से जोडऩे के लिए पंजाबी सिखलाई जहां दी जा रही है वही भाषा को कैलीग्राफी में कैसे लिखा जाए, इसकी जानकारी भी दी जा रही है।

## एससी वर्ग मत्स्य विभाग से प्रत्येक तीन वर्ष में एक बार प्राप्त कर सकते हैं अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

मत्स्य पालन विभाग द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित मत्स्य पालन से जुड़े परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए विशेष योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत जाल खरीदने, पंचायती तालाब को ठेके पर लेने वाले मत्स्य उत्पादकों को प्रथम वर्ष की लीज राशि का 50 प्रतिशत तथा मछली एवं मछली उत्पादों की बिक्री के लिए रेहड़ी, स्टोव, गैस चूल्हा, बर्तन आदि खरीदने पर लाभार्थियों को अनुदान प्रदान किया जाएगा। योजना का उद्देश्य मत्स्य पालन व्यवसाय से जुडेआ अनुसूचित जाति वर्ग के परिवारों को स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना और उनकी आय में वृद्धि करना है। योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को मछली एवं मछली उत्पादों की बिक्री के लिए आवश्यक संसाधनों की खरीद पर कुल परियोजना लागत का 60 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। अधिकतम 60 हजार रुपए की परियोजना लागत पर 36 हजार रुपए तक की सब्सिडी का प्रावधान है। यह लाभ प्रत्येक तीन वर्ष में एक बार प्राप्त किया जा सकता है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक के पास परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है। लाभार्थी हरियाणा का स्थायी निवासी तथा अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए तथा वह किसी सरकारी या अद्र्ध-सरकारी संस्था में कार्यरत नहीं होना चाहिए।

# विभाग समन्वय बनाकर सड़क सुरक्षा कार्यों को प्राथमिकता से करें पूरा: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने मंगलवार को जिला सडक़ सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल, एएसपी आदर्शदीप सिंह, आरटीए संजय बिनोई, जिला वन मंडल अधिकारी सतीश कुमार, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि सडक़ सुरक्षा से संबंधित किसी भी विभाग को यदि किसी अन्य विभाग से अनुरोध प्राप्त होता है तो उसे जनहित एवं सुरक्षा की दृष्टि से प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय और तालमेल के साथ कार्य करें ताकि सडक़ दुर्घटनाओं को कम किया जा सके और आमजन को सुरक्षित यातायात सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत कार्यवाही रिपोर्ट (एटीआर) जल्द से जल्द सबमिट करें। उन्होंने कहा कि रोड सेफ्टी ऑडिट के कार्यों को गंभीरता से लिया जाए।

### सड़क पर बाधा बन रहे बिजली पोल और पेड़ हटाए

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सडक़ मार्ग पर बाधा बनने वाले पेड़ों और बिजली पोल व अन्य अवरोधों को भी हटवाया जाए। उन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि सीवरेज के मैनहोल, होद अथवा पाइपलाइन आदि के कारण यदि यातायात में कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो उसे तुरंत ठीक करवाया जाए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में राष्टीय राजमार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, सडक़ों पर गड्ढों की मरम्मत, नहरों व माइनरों पर बनी पुलियों तथा रेलिंगों की स्थिति को भी प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए। उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि अगली बैठक तक पूर्ण कार्ययोजना के साथ कार्य करते हुए सडक़ सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों और प्रगति से अवगत करवाएं।

## क्षति पूर्ति पोर्टल खोलने को लेकर सौपा ज्ञापन

**कालांवाली।** क्षेत्र के गांव जंडवाला जटान, मलिकपुरा व किंगरा गांव के ग्रामीणों ने कालांवाली के एसडीएम मोहित कुमार को ज्ञापन देकर बीती 28 मई को हुई बरसात व ओलावृष्टि से खराब हुई नरमा व हरे चारे की फसले के मुआवजे को लेकर क्षति पूर्ति पोर्टल खोलने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि 28 मई को बरसात के साथ हुई ओलावृष्टि के कारण तीन गांवों में नरमा व हरे चारे की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। नुकसान को लेकर पटवारी व कृषि अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर गिरदावरी भी कर चुकें है परंतु क्षति पूर्ति पोर्टल बंद है, जिस कारण किसान परेशान है। उन्होंने मांग की है कि क्षति पूर्ति पोर्टल खोला जाए ताकि किसान अपने नुकसान की इंट्री दर्ज करवा सके।

*कृषि भवन पंचकूला में हुआ पदभार ग्रहण समारोह*

# राजपाल बैनीवाल ने संभाला हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। कार्यभार संभालते राजपाल बैनीवाल।

हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण की कार्यकारी समिति के नवनियुक्त चेयरमैन राजपाल बैनीवाल ने मंगलवार को पंचकूला के सेक्टर-21 स्थित हरियाणा कृषि भवन में आयोजित समारोह के दौरान अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के एडीसी महेंद्र सिंह सैनी ने उन्हें पदभार सौंपते हुए शुभकामनाएं दीं। कार्यभार ग्रहण समारोह में हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. आर.एस. चौहान ने राजपाल बैनीवाल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके अलावा प्राधिकरण के अकाउंट अधिकारी डी.पी. वर्मा सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका अभिनंदन किया। समारोह में भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वी.के. सुध सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। राजपाल बैनीवाल को नई जिम्मेदारी की बधाई देने के लिए फतेहाबाद जिले सहित विभिन्न क्षेत्रों से किसान, समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में पहुंचे।

### समर्थकों में उत्साह

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के एडीसी महेंद्र सिंह सैनी ने कहा कि राजपाल बैनीवाल का भारतीय जनता पार्टी के साथ तीन दशक से अधिक का समर्पित जुड़ाव रहा है। उल्लेखनीय है कि राजपाल बैनीवाल फतेहाबाद जिले के गांव ढाबी कलां के निवासी हैं तथा पिछले तीन दशकों से अधिक समय से भारतीय जनता पार्टी में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके कार्यभार ग्रहण करने से क्षेत्र के किसानों और समर्थकों में उत्साह का माहौल है।

# राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग करेगा सर्वेक्षण, सहयोग की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय का फील्ड ऑपरेशंस डिवीजन जून 2026 के दौरान जिला में चयनित स्थानों पर सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण संचालित करेगा। इन सर्वेक्षणों का उद्देश्य देश एवं राज्यों के विकास, योजना निर्माण तथा नीतिगत निर्णयों के लिए विश्वसनीय आंकड़े एकत्रित करना है। वरिष्ठा सांख्यिकी अधिकारी एवं पब्लिसिटी ऑफिसर अजीत कुमार ने बताया कि एनएसओ वर्ष 1950 से देशभर में घरों और विभिन्न संस्थानों से सूचनाएं एकत्रित कर रहा है। इन सर्वेक्षणों के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों ने केंद्र एवं राज्य सरकारों को विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है। विभागीय अधिकारी आधुनिक डिजिटल उपकरणों (टैबलेट) और सुरक्षित ऑनलाइन पोर्टलों की सहायता से चयनित परिवारों, उद्यमों, गांवों तथा शहरी क्षेत्रों में जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे। घरेलू सर्वेक्षणों में परिवार के मुखिया अथवा किसी जानकार सदस्य से जानकारी ली जाएगी, जबकि उद्यमों से संबंधित सर्वेक्षणों में अधिकृत प्रतिनिधि या मालिक से आवश्यक जानकारी प्राप्त की जाएगी। सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त सभी जानकारियां पूर्णतः गोपनीय रखी जाएंगी।


# नवनियुक्त सरपंच और पंचों ने ली शपथ

## अमरजीत कौर बनीं खाई गांव की नई सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया


रतिया। शपथ लेते सरपंच व पंच।

खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में मंगलवार को समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नवनियुक्त सरपंच और पंचों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रतिया के गांव खाई में हाल ही में हुए सरपंच पद के उपचुनाव में विजयी रहीं महिला सरपंच अमरजीत कौर को आधिकारिक रूप से कार्यभार सौंपा गया। समारोह के दौरान खंड विस्तार एवं पंचायत अधिकारी राजेंद्र गोदारा ने नव-निर्वाचित महिला सरपंच अमरजीत कौर को पद और गोपनीयता की शपथ दिलवाई। इसके साथ ही क्षेत्र के विभिन्न गांवों से हाल ही में निर्वाचित होकर आए पंचों को भी पद की शपथ दिलाई गई। शपथ लेने वाले पंचों में गांव बोड़ा के वार्ड नंबर 3 से पवन कुमार और वार्ड नंबर 8 से रंजीत सिंह, गांव नंगल के वार्ड नंबर 14 से सुनीता रानी तथा गांव लठेरा के वार्ड नंबर 1 से जसपाल सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर एससीपीओ राजेंद्र गोदारा ने सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ ग्रामीण विकास के कार्यों में जुट जाएं।



### सुनील सहारण बने तरकांवाली के कार्यवाहक सरपंच

**चोपटा।** गांव तरकांवाली में पिछले दिनों सरपंच ओमप्रकाश पटवारी के निधन के बाद रिक्त हुए पद पर वार्ड पंच सुनील सहारण को कार्यवाहक सरपंच बनाया गया है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में बीडीपीओ डॉ. स्टालिन सिद्धार्थ सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी वार्ड पंचों ने सर्वसम्मति से सुनील सहारण को कार्यवाहक सरपंच चुन लिया। गौरतलब है कि पिछले दिनों गांव तरकांवाली के सरपंच ओमप्रकाश पटवारी का निधन हो गया था। उसके बाद से ही सरपंच पद रिक्त पड़ा था। उसी को देखते हुए बीडीपीओ डॉ. स्टालिन सिद्धार्थ ने बीडीपीओ कार्यालय में तरकांवाली के सभी वार्ड पंचों की एक बैठक बुलाई जिसमें सभी 9 वार्डपंच मुकेश कुमार, निशा रानी, सुनील कुमार, मोनिका, पूनमचंद, सोना, पूनम, सुरेंद्र व पुष्पा ने भाग लिया। बैठक में सभी ने सर्वसम्मति से सुनील कुमार के नाम पर सहमति जताई। इस दौरान कार्यवाहक सरपंच सुनील कुमार ने कहा कि ग्रामीणों ने जो जिम्मेदारी हमें सौंपी है उन्हें पूरी तरह से निभाएंगे व गांव में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। गांव में पहुंचने पर तरकांवाली के ग्रामीणों ने कार्यवाहक सरपंच सुनील कुमार को मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर ग्राम सचिव अनिल बैनीवाल, ग्राम सचिव कालूराम सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## हत्या के पुराने मामले में वांछित गिरफ्तार

**हिसार।** बालसमंद चौकी पलिस ने हत्या के एक पुराने मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बालसमंद निवासी आशीष के रूप में हुई है। चौकी प्रभारी बालसमंद ने बताया कि इस संबंध में राजस्थान के डूंगरगढ़ तहसील के कुलपासर निवासी अमित की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों ने उसकी मौसी के लड़के सुनियासर निवासी ओमप्रकाश का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी थी तथा शव को बालसमंद क्षेत्र के खेतों में फेंक दिया था। पुलिस ने जांच के दौरान इस प्रकरण में शामिल 10 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था और 11वें आरोपी आशीष को अब गिरफ्तार कर लिया है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से गेहूं चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


सिरसा। चलती ट्रैक्टर-ट्रॉली से गेहूं चुराने वाला आरोपी।

पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली से गेहूं चोरी करने की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर गेहूं बरामद कर ली है। शहर थाना प्रभारी बलराज सिंह ने बताया कि बीते दिन सुभाष ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेहूं भरकर मंडी की ओर जा रहा था। जब वह नागरिक अस्पताल सिरसा के नजदीक पहुंचा तो एक युवक ट्रॉली में चढ़ गया और गेहूं से भरी एक बोरी नीचे उतारकर मौके से फरार हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने तत्काल चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचनाओं और तकनीकी जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सोम कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान सोम कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की एक अन्य वारदात भी स्वीकार की है, आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया गेहूं का गट्टा भी बरामद कर लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच करने पर उसके खिलाफ चोरी का एक अन्य मामला भी दर्ज पाया गया है। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है ताकि उससे जुड़ी अन्य आपराधिक गतिविधियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा सके।

## गांव ढाणी सांचला और ढाणी भोजपुर में चलाया जागरूकता अभियान

# पांच नशा पीड़ितों को उपचार के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करते एसआई सुंदर।

फतेहाबाद पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन जीवन ज्योति अभियान के तहत एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम ने गांव ढाणी सांचला और ढाणी भोजपुर में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के साथ-साथ 5 पीड़ितों को इलाज के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने दोनों गांवों में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया। इन सभाओं में ग्रामीणों को नशे के कारण होने वाले सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। टीम ने ग्रामीणों को सरकार और पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई जा रही उपचार सुविधाओं व पुनर्वास सेवाओं के बारे में जागरूक किया। साथ ही, समाज से नशा मुक्ति के इस कार्य में सामूहिक भागीदारी निभाने की अपील की गई। इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान नशे की लत से जूझ रहे 5 व्यक्तियों की पहचान की गई।

### परिजनों को भी समझाया

इसके साथ ही उनके परिजनों को भी समझाया गया कि वे पीड़ितों का मनोबल बढ़ाएं और नशा मुक्ति की प्रक्रिया में उनका सहयोग करें। इसके अलावा, नशा मुक्ति टीम ने गांव खान मोहम्मद और गांव शहीदा वाली का भी दौरा किया। यहाँ पहले से उपचाराधीन दो-दो पीड़ितों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की समीक्षा की गई और उन्हें जरूरी दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। टीम ने उन्हें नियमित रूप से दवा का सेवन करने और डॉक्टरों के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी। इसी अभियान के तहत गांव ब्राह्मणवाला में भी एक नशा पीड़ित व्यक्ति को चिन्हित कर उसकी काउंसलिंग की गई। उसे बेहतर और समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नागरिक अस्पताल फतेहाबाद में दाखिल करवाया गया है।

## खबर संक्षेप

### आयुज्योति कॉलेज बना तंबाकू मुक्त संस्थानः डॉ. गर्ग

**सिरसा।** स्वास्थ्य विभाग, एनटीसीपी, शिक्षा विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सिरसा जिले के कई प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में तंबाकू निषेध संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संस्थान प्रबंधकों को निर्धारत दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चत करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण उपरांत आयुज्योति आयुर्वेदिक कॉलेज, जोधपुरिया को शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला का प्रथम तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान का गौरव प्राप्त हुआ। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कालेज परिसर में तंबाकू निषेध संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा प्रबंधन को दिशा-निर्देशों का पालन के निर्देश दिए।

### डेमोलेशन चार्ज न देने वालों की जमाबंदी में होगा इंद्राज

**सिरसा।** नगर योजनाकार विभाग द्वारा जारी नोटिस के बावजूद डेमोलेशन चार्ज की रिकवरी राशि जमा नहीं कराने वाले व्यक्तियों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति की भूमि की जमाबंदी में रिकवरी का इंद्राज दर्ज करवाया जाएगा। इसके बाद जमीन की खरीद-फरोख्त, ऋण लेने अथवा अन्य राजस्व संबंधी प्रक्रियाओं से पहले संबंधित व्यक्ति को बकाया रिकवरी राशि जमा करवानी होगी। यह निर्देश उपायुक्त शांतनु शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जिला टास्क फोर्स की बैठक में दिए गए। बैठक में अनाधिकृत निर्माण तथा अवैध कॉलोनियों से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई।

### नशे से बचाव पर बच्चों को दें अच्छे संस्कारः एसपी

**ओढां।** गांव ओढ़ा के सरपंच एसोसिएशन कार्यालय में नशा मुक्ति को लेकर जागरूक कार्यक्रम आयोजित किया गया। डबवाली की पुलिस अधीक्षक जसलीन कौर ने ग्रामीणों के साथ नशे के दुष्प्रभावों तथा समाज पर पडऩे वाले गंभीर परिणामों को लेकर खुलकर संवाद किया। उन्होंने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और आने वाली पीढिय़ों को बर्बादी की ओर धकेल देता है। यदि समाज को सुरक्षित और स्वस्थ बनाना है तो युवाओं को नशे से दूर रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की दलदल में धकेलने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### जमीन विवाद में आरोपी हंसराज गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव भूथन कलां में जमीन संबंधी रंजिश को लेकर एक किसान पर लाठी-डंडों और तलवार से जानलेवा हमला करने व धमकी देने के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी हंसराज निवासी भूथन कलां को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित किसान मान सिंह निवासी भूथन कलां की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया था। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसने गांव में ही करीब 7 एकड़ जमीन खरीदी हुई है, जिसे लेकर आरोपियों के साथ उसका विवाद चल रहा है। बीती 17 मई को मान सिंह अपने खेत में बिजाई का काम पूरा करवाकर ट्रैक्टर से वापस अपने घर लौट रहा था।

## लंबित मांगों को लेकर गंभीर नहीं प्रदेश सरकार : बलवंत सिंह

# रिटायर्ड कर्मचारियों ने बैठक में सीवरेज निर्माण में घटिया सामग्री पर जताया रोष

60, 70, 75 वर्ष आयु उपरांत 5, 10 व 15 प्रतिशत की बेसिक पेंशन में बढ़ोतरी की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

आल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन जिला फतेहाबाद की बैठक रेस्ट हाऊस में आज उपप्रधान बलवंत नोखवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रिटायर्ड कर्मचरियों की विभिन्न मांगों को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक का संचालन जिला सचिव सुभाष चन्द्र चौहान ने किया। बैठक में 12 मई को अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय पर किए गए सफल प्रदर्शन को लेकर रिटायर्ड कर्मचारियों का आभार जताया गया और भविष्य में भी एकजुट होकर आंदोलन में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए बलवंत सिंह नोखवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। लंबे समय से आंदोलनरत रिटायर्ड कर्मचारियों को सरकार भीषण गर्मी में आंदोलन के लिए मजबूर कर रही है लेकिन जब तक रिटायर्ड कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं होता, एसोसिएशन अपना संघर्ष जारी रखेगी। बैठक में प्रेमचंद भूना, बलवंत नोखवाल ढाबी कलां, जयभगवान मताना, राजेश कुमार हरियाणा रोडवेज, सतबीर सिंह खाराखेड़ी, राजकुमार दहिया हरियाणा पुलिस, मनोहर लाल खेल विभाग, सुरेश कुमार हरियाणा रोडवेज आदि कर्मचारियों का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया और इनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की।



फतेहाबाद। रिटायर्ड कर्मचारी एसोसिएशन की बैठक में भाग लेते सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### पेंशन बढ़ोत्तरी की उठाई मांग

बैठक में शहर की कालोनियों में हो रहे विकास कार्यों में बरती जा रही लापरवाही पर रोष जताया गया। बलवंत सिंह नोखवाल ने कहा कि कई कालोनियों में डाली जा रही सीवरेज लाइन में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। ऐसे में प्रशासन को इसकी सुध लेकर इनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। एसोसिएशन ने सरकार से मांग की है कि 60, 70, 75 वर्ष आयु उपरांत 5, 10 व 15 प्रतिशत की बेसिक पेंशन में बढ़ोतरी की जाए। चिकित्सा भत्ता एक हजार से बढ़ाकर 5 हजार रुपये मासिक हो। पुरानी पेंशन प्रणाली बहाल किया जाए, 60 वर्ष की आयु उपरांत पेंशनर्ज के लिए रेल में रियायती दर पर मुफ्त यात्रा सुविधा पुनः लागू हो। 18 महीने का बकाया डीए एरियर सहित तुरंत जारी किया जाए और फैमिली पेंशनर्ज को एलटीसी की सुविधा देते हुए इसे पुरानी प्रथा के अनुसार बहाल किया जाए।

### ये रहे मौजूद

बैठक में बलराज सिंह भूना, शीशपाल कानूनगो, मदन गोपाल नारंग, निहाल सिंह मताना, सूरजभान शीला, डॉ. रामफल, आत्माराम कसाणा पूर्व डीपीईआरओ, देसराज पटवारी, नित्यानंद जांगड़ा, रामकिशन तंवर, मुंशीराम रोडवेज, मंगतराम हरियाणा पुलिस, भूप सिंह, सुरेश सरदाना, जगदीश चन्द्र, कैलाश प्रसाद, जोत सिंह, गंगाराम शर्मा सहित अनेक रिटायर्ड कर्मचारी मौजूद रहे।

# क्रेसण्ट के छात्रों ने जेईई एडवांस्ड में लहराया परचम



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल के अव्वल रहे विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

- छात्र भविष्य ने 4914 और राजीव ने पाया 2318 वां रैंक हासिल कर किया गौरवान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सपनों को सच करने के लिए केवल बड़े लक्ष्य ही नहीं, बल्कि उन्हें पाने का जज़्बा भी बड़ा होना चाहिए। इस बात को सिद्ध कर दिखाया है क्रेसंट स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने। स्कूल के छात्र भविष्य गोयल सुपुत्र जितेंद्र कुमार ने 4914 रैंक व रंजीव सुपुत्र नथूराम ने 2318 रैंक लेकर क्वालिफाइड होते हुए देश की सबसे कठिन एवं प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से जेईई एडवांस्ड को शानदार अंकों के साथ उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इससे पहले 2026 के जेईई मैंस के परीक्षा परिणाम में साहिल सुपुत्र वीरेंद्र सिंह, भविष्य गोयल सुपुत्र जितेंद्र कुमार एवं रंजीव सुपुत्र नथूराम ने उत्कृष्टता हासिल करते हुए जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई हुए। भविष्य व रंजीव की इस उपलब्धि ने विद्यालय परिसर में उत्साह एवं गर्व का माहौल बना दिया है। भविष्य व रंजीव की सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि उन सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है जो अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर मेहनत कर रहे हैं। कठिन परिस्थितियों एवं कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच हासिल की गई यह सफलता भविष्य रंजीव की लगन, अनुशासन एवं अथक परिश्रम की कहानी बयां करती है।

### भविष्य व रंजीव की सफलता हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय

प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य गोयल व रंजीव की सफलता हम सभी के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि दोनों विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास ईमानदार हों तो सफलता अवश्य मिलती है। उनकी उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी बड़े सपने देखने एवं उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी। प्रबंधन कमेटी ने भविष्य, रंजीव एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियां संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं संस्कारों का परिचय देती हैं। उन्होंने दोनों विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि भविष्य में भी आगे वे सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे।

# विश्वजीत व गुलशन को मिला राज्य स्तरीय पत्रकारिता पुरस्कार

- सात पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

विश्व संवाद केंद्र न्यास, हरियाणा द्वारा देवर्षि नारद 11 वां राज्य स्तरीय पत्रकारिता पुरस्कार के तहत आयोजित सम्मान समारोह में सिरसा के वरिष्ठ पत्रकार विश्वजीत शर्मा व पूर्व समाचार संपादक गुलशन वर्मा सहित प्रदेश के 7 पत्रकारों को उतरिया भेंट कर प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कुरुक्षेत्र के रामकिशन, फरीदाबाद की मानसी अरोड़ा, भिवानी के नवनीत शर्मा, साक्षी रावत व ओम प्रकाश पांचाल को भी सम्मानित किया गया। फरीदाबाद में आयोजित इस सम्मान समारोह में हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर मुख्यातिथि थे, जबकि अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत प्रचारक डॉ. सुरेंद्र पाल ने की। इस अवसर पर राष्ट्रवाणी के मुख्य संपादक डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री विशिष्ठ अतिथि, मॉडर्न डीपीएस के डायरेक्टर राजीव गिरधर, शिवालिक प्रिंटर्स के चेयरमैन मुकेश अग्रवाल व उद्योगपति मनमोहन गुप्ता प्रमुख अतिथियों के रूप में मौजूद थे।



सिरसा। विश्वजीत शर्मा, गुलशन वर्मा को राज्य स्तरीय पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पेंशन दे रही सरकार

मुख्यातिथि खाद्य-आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि हरियाणा सरकार पत्रकारों के कल्याण के लिए बहुत से कार्य कर रही है। सरकार लगभग 1400 पत्रकारों को मासिक पेंशन प्रदान कर रही है। कार्यक्रम अध्यक्ष राष्ट्रीय स्वयं संघ के प्रांत प्रचारक डॉ. सुरेंद्र पाल ने कहा कि हर कालखंड में पत्रकारिता ने समाज को दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। देवर्षि नारद परंपरा की पत्रकारिता सत्य, निर्भीकता और लोककल्याण पर आधारित रही है। डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री ने कहा कि पत्रकार को किसी भी प्रकार के दबाव, पद, प्रतिष्ठा या आर्थिक लाभ के लिए पत्रकारिता के क्षेत्र में नहीं आना चाहिए। डॉ. अग्निहोत्री ने कहा कि पत्रकारों को धैर्य और प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।

# सेलेक्टिड नहीं इलेक्टिड, अफसरशाही किसी तरह घमंड में न रहेंः चौटाला

- महंगाई के खिलाफ इनेलो का प्रदर्शन, उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

इनेलो ने बढ़ती महंगाई के खिलाफ सिरसा में रोष प्रदर्शन किया और उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इनेलो कार्यकर्ता मंगलवार को विश्रामगृह में एकत्रित हुए और पार्टी जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा की अध्यक्षता में विधायक आदित्य चौटाला व अर्जुन चौटाला के साथ नारेबाजी करते हुए लघुसचिवालय पहुंचे। विधायक अर्जुन चौटाला ने गत दिवस रोहतक में एसपी के साथ हुए घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अफसरशाही को घमंड नहीं करना चाहिए। विधायक का प्रोटोकॉल डीसी व एसपी से बड़ा होता, क्योंकि वे चुने हुए जनप्रतिनिधि हैं, न कि सेलेक्टिड। अगर अफसरशाही इस तरह का व्यवहार करेगी तो वे भी उसी भाषा में जवाब देंगे। अर्जुन चौटाला ने कहा कि पेट्रो पदार्थों की वृद्धि से सभी वर्गों का मासिक बजट बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि आमजन की आय सीमित है जबकि खर्च लगातार बढ़ते जा रहे हैं।



सिरसा। डीसी को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते इनेलो कार्यकर्ता।



फतेहाबाद। रिटायर्ड ऑफिसर्स विंग के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए।

### अरोड़ा खत्री पंजाबी की बैठक में अजीत को सौंपी रिटायर्ड ऑफिसर्स विंग की कमान

**फतेहाबाद।** ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की बैठक राष्ट्रीय कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश चुघ ने की, जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा ने कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। बैठक के दौरान संगठन को मजबूती देने के लिए जिला और विधानसभा स्तर पर विभिन्न विंग की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया और नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। संगठन के विस्तार के तहत रिटायर्ड ऑफिसर्स विंग की जिला कार्यकारिणी की कमान स. अजीत सिंह सचदेवा को सौंपी गई है, जिन्हें जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही अशोक छाबड़ा और भगवान सिंह को जिला उपाध्यक्ष तथा राजकुमार मेहता व अशोक मक्कड़ को जिला सलाहकार की जिम्मेदारी दी गई है।

# राजेंद्रा इंस्टीट्यूट में हुआ आईपीआर सत्र छात्रों को पेटेंट व कॉपीराइट पर दी जानकारी

- नवाचारों की सुरक्षा और शोध को प्रोत्साहित करने में इनकी अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

राजेंद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच नवाचार, अनुसंधान तथा बौद्धिक संपदा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का संचालन नोएडा स्थित एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, एयूयूपी की एसोसिएट प्रोफेसर कल्पना नागपाल द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ. नागपाल ने पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क एवं अन्य बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नवाचारों की सुरक्षा और शोध को प्रोत्साहित करने में इनकी अहम भूमिका होती है। राजेंद्रा इंस्टीट्यूट्स के चेयरमैन एनके गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. नागपाल ने ज्ञान-आधारित आधुनिक अर्थव्यवस्था में बौद्धिक संपदा अधिकारों के बढ़ते महत्व पर बल दिया।



सिरसा। प्रो. कल्पना नागपाल स्मृति चिहन भेंट करते चेयरमैन एनके गुप्ता व अन्य।

# ईश्वर के हर जगह मौजूद होने का संदेश है सनातन धर्मः डॉ. राधिका

**सिरसा।** स्वर्णकार समाज की ओर से जारी संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचिका डॉ. राधिका ने भक्त प्रह्लाद, नरसिंह अवतार और महात्मा विदुर के चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि इनकी कथाएं सनातन धर्म में भक्ति, ज्ञान और ईश्वर के हर जगह मौजूद होने का संदेश देती हैं। श्रीमद्भागवत और महाभारत में इन तीनों प्रसंगों का बहुत ही विस्तृत और प्रेरणादायक वर्णन किया गया है। उन्होंने प्रह्लाद चरित्र और भगवान नरसिंह अवतारभक्ति का वर्णन विस्तार से बताया। विदुर चरित्र बारे कथावाचिका ने बताया कि विदुर धर्मराज के अवतार थे। महर्षि मांडव्य के श्राप के कारण उन्हें दासी पुत्र के रूप में जन्म लेना पड़ा था। वे महाभारत काल में हस्तिनापुर के महामंत्री थे। विदुर अपनी बुद्धिमत्ता और निष्पक्ष सलाह के लिए जाने जाते थे। वे भौतिक ऐश्वर्य से दूर सादा जीवन जीते थे।



सिरसा। श्रीमद भागवत कथा श्रवण करते महिला श्रद्धालु।

### कॉलोनी में सीवर, स्टॉर्म वाटर की समस्या हल नहीं तो करेंगे बड़ा आंदोलन : पारीक

**सिरसा।** अग्रसेन कॉलोनी वेलफेयर ट्रस्ट के प्रधान सतपाल पारीक ने कॉलोनी में लंबे समय से बनी सीवर ब्लॉकेज और स्टॉर्म वाटर निकासी की समस्या को लेकर अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि तय समय सीमा में समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया तो ट्रस्ट विभागों के खिलाफ खुला मोर्चा खोलेगा। सतपाल पारीक ने बताया कि पिछले कई दिनों से वे लगातार नगर परिषद और पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों के संपर्क में हैं, लेकिन अभी तक समस्याओं का संतोषजनक समाधान नहीं हो पाया है। नगर परिषद और पब्लिक हेल्थ विभाग के उच्च अधिकारियों ने ट्रस्ट के प्रधान को आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के भीतर स्ट्रांग वाटर की सफाई तथा सीवर ब्लॉकेज की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

## फतेहाबाद के विभिन्न गांवों और शहरी ब्लॉकों का हुआ चयन

# जिले में राष्ट्रीय सर्वेक्षण शुरू, विकास योजनाओं को मिलेगी दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- गांव फतेहपुरी में जुटाएंगे रोजगार और श्रम भागीदारी से जुड़े आंकड़े

केंद्र और राज्य सरकारों की आगामी जनकल्याणकारी योजनाओं और नीति निर्धारण को अधिक सटीक बनाने के लिए जून महीने में फतेहाबाद जिले में एक बड़ा राष्ट्रीय सर्वेक्षण आयोजित होने जा रहा है। भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा इस अभियान को अमलीजामा पहनाया जाएगा। इस सर्वेक्षण से मिलने वाले जमीनी आंकड़ों के आधार पर ही भविष्य की विकास योजनाओं का खाका तैयार होगा। पब्लिसिटी ऑफिसर अजीत कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत जिले के अलग-अलग क्षेत्रों को विभिन्न पैमानों पर जांचने के लिए चुना गया है।

### रोजगार से लेकर महंगाई तक, इन पैमानों पर होगा सर्वे

जिले में विकास और आर्थिक स्थिति को मापने के लिए सर्वे को मुख्य रूप से निम्नलिखित हिस्सों में बांटा गया है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के तहत फतेहाबाद शहर के एक वार्ड क्षेत्र और फतेहपुरी गांव को चुना गया है। यहां रोजगार, बेरोजगारी और श्रम भागीदारी से जुड़े आंकड़े जुटाए जाएंगे। वार्षिक असंगठित क्षेत्र उद्यम सर्वेक्षण के लिए चिंदड़, बड़ोपल गांव और टोहाना के एक शहरी ब्लॉक का चयन हुआ है। वहीं, राष्ट्रीय घरेलू आय सर्वेक्षण के जरिए टोहाना शहर के ही एक अन्य ब्लॉक में परिवारों की आय और आर्थिक गतिविधियों का जायजा लिया जाएगा। पर्यटन नीतियों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय घरेलू यात्रा सर्वेक्षण और घरेलू पर्यटन व्यय सर्वेक्षण के तहत हड़ौली गांव को शामिल किया गया है। यहां नागरिकों की यात्रा संबंधी आदतों और खर्च का ब्योरा लिया जाएगा। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक तय करने के लिए टोहाना के दो क्षेत्रों सहित बोस्ती, बरसीन और भट्टू कलां गांवों को चुना गया है, जहां रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों के आंकड़े जमा किए जाएंगे।

### डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल, डेटा रहेगा पूरी तरह गोपनीय

प्रशासन के अनुसार, इस बार का सर्वेक्षण पूरी तरह आधुनिक और डिजिटल होगा। फील्ड में उतरने वाले प्रशिक्षित अधिकारी टैबलेट आधारित डिजिटल प्रणाली के माध्यम से सीधे आंकड़े दर्ज करेंगे। पब्लिसिटी ऑफिसर अजीत कुमार ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे सर्वेक्षण के लिए आने वाली टीमों को सही और पूरी जानकारी देकर सहयोग करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा दी गई सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रखी जाएंगी और इनका उपयोग सिर्फ देश के नीति निर्धारण में किया जाएगा।

### आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन 15 जून तक

**फतेहाबाद।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा द्वारा प्रदेश के सभी राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026-27 के लिए दाखिला हेतु पंजीकरण विभागीय वेबसाईट पर 2 से 15 जून तक किए जाने हैं। विभिन्न दाखिला चरणों में मेरिट एवं सीट अलाटमेंट जारी करने के कार्यक्रम बारे सूचना दाखिला वेबसाइट पर उपलब्ध करवाई जाएगी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोडिया खेड़ा व भिरड़ाना के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने बताया कि ऑनलाइन दाखिला पंजीकरण हेतु संस्थान में हेल्प डेस्क बनाया गया है। आवेदक दाखिले हेतु निशुल्क अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।